गृह मंत्रालय

श्री अमित शाह ने यूपी इन्वेस्टर्स समिट की दूसरी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का उद्घाटन किया

देश को 5 ट्रिलियन की इकोनॉमी बनाने का रास्ता लखनऊ होकर ही जाता है – श्री अमित शाह

श्री अमित शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी जी ने सर्व-समावेशी एवं सर्व-स्पर्शी विकास मॉडल दुनिया के सामने रखा है

योगी सरकार ने ‘एक जिला-एक उत्पाद’ की महत्वपूर्ण योजना को बढावा देने का कार्य किया है – श्री अमित शाह

प्रविष्टि तिथि: 28 JUL 2019 3:13PM by PIB Delhi

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने आज लखनऊ में यूपी इन्वेस्टर्स समिट की दूसरे ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का उद्घाटन किया। उन्होंने 65,000 करोड़ रुपये से अधिक की 250 परियोजनाओं की आधारशिला रखी।

इस अवसर पर बोलते हुए श्री शाह ने कहा कि प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने ’न्यू इंडिया’ का सपना देखा है। उन्होंने प्रत्येक नागरिक के जीवन को छूने और भारत को दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनाने के लिए 'ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया' के प्रधान मंत्री के दृष्टिकोण को उद्धृत किया। श्री शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी जी ने सर्व-समावेशी एवं सर्व-स्पर्शी विकास मॉडल दुनिया के सामने रखा है। उनका कहना था कि नरेंद्र मोदी जी खुली आंख के सपने देखने की आदत रखते हैं और जो खुली आंख के साथ सपने देखते हैं उनको तब तक नींद नहीं आती, जब तक कि स्वप्न पूरा नहीं हो जाता।

श्री शाह का कहना था कि माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारतीय अर्थव्यवस्था पिछले 5 वर्षों के भीतर वैश्विक स्तर पर 11 वें स्थान से छठे स्थान पर पहुंच गई है जो स्वतंत्र भारत के इतिहास में अभूतपूर्व है। गृह मंत्री ने केंद्र सरकार द्वारा सुशासन का एक मॉडल स्थापित करके ‘ईज ऑफ डूइंग बिजनेस’ की सुविधा के लिए उठाए गए सक्रिय कदमों का भी हवाला दिया।

श्री अमित शाह ने कहा कि कई लोगों को संदेह था कि भारत जैसे विशाल देश में जीएसटी कैसे सफल हो पाएगा किंतु मोदी जी के नेतृत्व में पूरे देश में जीएसटी सफलतापूर्वक काम कर रहा है। आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए अडचनें दूर करनी पड़ती हैं जो केंद्र में मोदी सरकार द्वारा किया गया है। उन्होंने कहा कि जीएसटी - वन नेशन, वन टैक्स ’जैसे सुधार, कानूनों का सरलीकरण, उनकी ‘ईज ऑफ डूइंग बिजनेस’ रैंकिंग पर राज्यों के बीच प्रतिस्पर्धा आदि ने अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और एफडीआई में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उत्तरप्रदेश की महत्ता बताते हुए श्री शाह का कहना था कि देश के प्रधानमंत्री बनने का रास्ता लखनऊ होकर जाता है और देश को 5 ट्रिलियन की इकोनॉमी बनाने का रास्ता भी लखनऊ होकर ही जाता है।

श्री अमित शाह ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोगों के मन में आत्मविश्वास जगाया है। योगी सरकार के आने के बाद इतने कम समय में सफलता को जमीन पर उतारने का कार्य किया गया है। देश के सबसे बड़े प्रदेश के अंदर आर्थिक गतिविधियां बढी हैं, रोजगार के अवसर बढे हैं। इसका प्रमाण है कि एक साल के अंदर 25% एमओयू धरातल पर देखने में आ गए हैं जो एक प्रशंसनीय कार्य है और इसके लिए उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री और उनकी समस्त टीम को हृदय से शुभकामनाएं एवं बधाई दीं। गृह मंत्री ने योगी आदित्यनाथ को रोजगार, कृषि का कायाकल्प करने, बुनियादी ढांचे का निर्माण करने, राज्य में स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाओं में सुधार आदि के लिए विशेष प्रशंसा की। उनका कहना था कि यूपी सरकार ने 'एक जिला-एक उत्पाद' की योजना के माध्यम से राज्य में पारंपरिक उद्योगों को सफलतापूर्वक चलाया है। श्री शाह ने कहा कि एक जिला - एक उत्पाद की योजना अत्यंत महत्वपूर्ण है, हर जिले में बहुत सारी संभावनाएं हैं। कहीं पीतल के बर्तन अच्छे बनते थे तो कहीं माटी के। कहीं चांदी की नक्काशी अच्छी होती थी तो कहीं पर सबसे अच्छा कपड़ा बनता था, यह सब परंपरागत रूप से विद्यमान था। योगी आदित्यनाथ ने 80 के 80 जिलों के उत्पाद की पहचान की और हर जिले के अंदर परंपरागत उत्पाद को पहचान कर उसकी उत्पादकता तथा मार्केटिंग की उचित व्यवस्था की।

श्री अमित शाह ने आगे कहा कि पिछले दो वर्षों के भीतर कानून और व्यवस्था की स्थिति में अभूतपूर्व सुधार हुआ है जो कि निवेश को आकर्षित करने और राज्य में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रशासन में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा है और एक सरकारी कर्मचारी अब वास्तव में इस सरकार में नागरिक सेवक बन गया है।

सभा को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी को भारत को $ 5 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था में विकसित करने के दृष्टिकोण को रखने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने वैश्विक निवेशकों को आश्वस्त किया कि यूपी सरकार पीएम के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए व्यापार करने और निवेश की सुरक्षा को आसान बनाएगी। योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश को वैश्विक निवेश के लिए सबसे पसंदीदा गंतव्य के रूप में माना और कहा कि अगले 5 वर्षों में उत्तरप्रदेश $ 1 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था बनेगा।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नायक, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य तथा दिनेश शर्मा, उद्योग मंत्री सतीश महाना सहित राज्य के कई मंत्री, अदानी ग्रुप एवं पेप्सीको ग्रुप के प्रतिनिधि समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

*****

डॉ वीजी / वीएम /डॉ डीडी

(रिलीज़ आईडी: 1580592) आगंतुक पटल : 82

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English